वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

बीएपी परीक्षा

आईजीएच

सामान्य हिन्दी का परिचय

अवधि 3 घंटे **अधिकतम अंक 70**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

- खण्ड अ (अतिलघूत्तरात्मक) -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

1. भाषा का प्रयोग कितने प्रकार से किया जा सकता है ? नाम लिखिए।

2. ध्वनि किसे कहते हैं ?

3. वर्ण किसे कहते हैं ?

4. स्वर किसे कहते हैं ?

5. अनुनासिक किसे कहते हैं ?

6. हिन्दी की लिपि कौनसी है ?

7. हिन्दी व्याकरण के प्रमुख विभाग कौन-कौन से हैं ?

8. संज्ञा किसे कहते हैं ?

9. संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?

10. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा शब्द छांटिये -

भारत, घड़ी, बचपन, बहन, मंत्री, सुरेश, मित्रता, गाय, होली।

11. निम्नलिखित विशेषणों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइये -

बड़ा, मूर्ख, ठंडा, नीच, सरल

12. पुरुषवाचक सर्वनाम के उदाहरण लिखिए।

13. जो परिश्रम करेगा, वह पास होगा। वाक्य में सर्वनाम है ?

14. विशेषण किसे कहते हैं ?

15. विशेषण के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए।

16. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाइये -

भूख, रस, प्यास, ठंड

17. क्रिया किसे कहते हैं ?

18. धातु किसे कहते हैं ?

19. अकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ?

20. लिंग की परिभाषा लिखिए।

21. हिन्दी व्याकरण में लिंग के आधार पर शब्दों के कितने भेद माने गए हैं ?

22. वचन किसे कहते हैं ?

23. हिन्दी में वचन के कितने भेद माने गए हैं ? नाम लिखिए।

24. कारक किसे कहते हैं ?

25. कारक के कितने भेद माने गए हैं ? नाम लिखिए।

26. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन शब्द बनाइये -

पुस्तक, टोपी, बहू, बच्चा

27. संबंध कारक का विभक्ति चिह्न लिखिए।

28. *पेड़ से पत्ता गिरता है।* वाक्य में कौनसा कारक प्रयुक्त हुआ है ?

29. दीर्घ स्वर संधि का नियम लिखिए।

30. यण संधि का नियम लिखिए।

31. निम्नलिखित शब्दों में संधि की पहचान कीजिए -

अत्यधिक, महोत्सव, एकैक, विद्यार्थी, नायक

32. समास किसे कहते हैं ?

33. समास के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए।

34. निम्नलिखित शब्दों में संधि की पहचान कीजिए -

एकांकी, विदेशगमन, नीलकंठ, पाप-पुण्य, यथाशक्ति, नीलोत्पल

35. उपसर्ग किसे कहते हैं ?

36. प्रत्यय किसे कहते हैं ?

37. *गंगा* शब्द के कोई चार पर्यायवाची शब्द लिखिए।

38. *गृहस्थ* का विलोम होगा ?

39. *नायक* का विलोम होगा ?

40. *खर-खार* शब्द युग्मों के अर्थ लिखिए।

41. *'परम्परा से चली आ रही कथा'* को एक शब्द में कहा जा सकता है ?

42. *'किसी स्थान के सर्वाधिक पुराने निवासी'* को एक शब्द में कहा जा सकता है ?

43. *नंदी और नांदी* शब्द युग्मों के अर्थ लिखिए।

44. निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाकर वापस लिखिए।

भगवान तुमको दीर्घायु दे

45. *कंगाली में आटा गीला* मुहावरे का अर्थ लिखिए।

46. *अपनी प्रशंसा स्वयं करना* को दर्शाने वाला मुहावरा लिखिए।

47. *ऊँट के मुँह में जीरा* का अर्थ होगा ?

48. *काठ की हाँडी बार-बार नही चढ़ती* नामक लोकोक्ति का अर्थ होगा ?

49. संक्षेपण किसे कहते हैं ?

50. पत्र लेखन को सामान्यतः कितने भागों में बाँटा जा सकता है ?

51. पत्र लेखन में सामान्यतः सबसे पहले क्या लिखा जाता है ?

52. किसी अधिकारी विशेष के नाम पर लिखा गया सरकारी पत्र क्या कहलाता है ?

53. माता-पिता, बड़े भाई आदि को लिखे जाने वाले पत्र में संबोधन में किन शब्दों का प्रयोग किया जाता है ?

54. अनुच्छेद लेखन हेतु किन-किन बातों का ध्यान रखना होता है ? कोई दो लिखिए।

55. मुंशी प्रेमचंद का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

56. मुंशी प्रेमचंद का स्वर्गवास कब हुआ ?

57. बूढ़ी काकी के भतीजे का क्या नाम था ?

58. *"अहा। कैसी सुगंधि है। अब मुझे कौन पूछता है ? जब रोटियों के ही लाले पडे हैं तब ऐसे भाग्य कहाँ कि भरपेट पूड़ियाँ मिले।"* बूढ़ी काकी कहानी में यह किसका कथन है ?

59. बूढ़ी काकी कहानी में प्रयुक्त मुहावरे *'हृदय ऐठ कर रह जाना' का* क्या अभिप्राय है ?

60. बूढ़ी काकी कहानी में प्रयुक्त मुहावरे *'बैसिर पैर की बात'* का क्या अभिप्राय है ?

61. बूढ़ी काकी कहानी में बहु के किरदार में कौन है ?

62. बूढ़ी काकी कहानी में काकी से प्रेम करने वाली एक मात्र कौन थी ?

63. महात्मा गांधी का जन्म कब हुआ ?

64. महात्मा गांधी के माता-पिता का क्या नाम था ?

65. महात्मा गांधी ने किसके सहारे भारत को आजादी दिलवाई ?

66. महात्मा गांधी के अनुसार कितने वर्ष की आयु के बाद बच्चों को जिम्मेदारी और कर्तव्य का भान हो जाना चाहिए ?

67. मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब व कहाँ हुआ ?

68. मैथिलीशरण गुप्त की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखिए।

69. मैथिलीशरण गुप्त को पद्मभूषण से कब सम्मानित किया गया ?

70. मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'नर हो न निराश करो मन को' में प्रयुक्त *अखिलेश्वर* शब्द का अर्थ होगा ?

71. मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'नर हो न निराश करो मन को' क्या प्रेरणा देती है ?

72. मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से किन मूल्यों को अभिव्यक्ति प्रदान की ?

73. *कल्पवृक्ष* शब्द के कोई चार पर्यायवाची शब्द लिखिए।

74. *जिसके बराबर कोई दूसरा न हो* उसे कहा जाता है ?

75. *जो ईश्वर में विश्वास रखता हो* कहलाता है ?

76. *दग्ध और दुग्ध* शब्द युग्मों के अर्थ बताइये।

77. *भवन और भुवन* शब्द युग्मों के अर्थ बताइये।

78. *अल्पप्राण* शब्द का विलोम होगा ?

79. *सुलभ* शब्द का विपरीतार्थक शब्द होगा ?

80. *सत्याग्रह* शब्द में कौनसी संधि है ?

81. *दोपहर* शब्द में समास बताइये।

82. *महासागर* शब्द में कौनसा समास है ?

83. *देवेंद्र* शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

84. *प्रति + उपकार* के जुड़ने से क्या शब्द बनेगा ?

85. *'मंच पर लड़का नाच रहा है'* वाक्य में प्रयुक्त कारक बताइये ?

86. संप्रदान कारक का विभक्ति चिह्न लिखिये ?

87. *काला घोड़ा दौड़ रहा है।* वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द है ?

88. *बच्चा रो रहा है।* वाक्य में प्रयुक्त क्रिया किस प्रकार की है ?

89. *गोल, चपटा, दुबला-पतला, भला-बुरा* आदि शब्दों में कौनसा विशेषण है ?

90. *दाल में कुछ काला है।* वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम का नाम लिखिए।

खण्ड ब (लघूत्तरात्मक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 100-150 शब्दों में लिखिए।

1. भाषा तथा व्याकरण का संबंध स्पष्ट कीजिए।

2. देवनागरी लिपि की विशेषताएं लिखिए।

3. व्याकरण का अर्थ व स्वरूप वर्णित कीजिए।

4. व्यंजन किसे कहते हैं ? हिन्दी वर्णमाला में आए व्यंजन लिखिए।

5. वर्ण किसे कहते हैं ? वर्णों के भेदों का वर्णन कीजिए।

6. जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

7. भाव वाचक संज्ञा को समझाते हुए किन्हीं दस भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए।

8. जातिवाचक संज्ञा को व्यक्तिवाचक के रूप में कब प्रयुक्त किया जाता है ? लिखिए।

9. पुरुषवाचक सर्वनाम एवं निजवाचक सर्वनाम को समझाइये।

10. संबंधवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

11. गुणवाचक विशेषण का सोदाहरण समझाइये।

12. संख्यावाचक एवं परिमाणवाचक विशेषण में अंतर समझाइये।

13. क्रिया की परिभाषा लिखते हुए सकर्मक क्रिया को समझाइये।

14. सकर्मक और अकर्मक क्रिया को दर्शाने वाले कोई दस-दस वाक्य लिखिए।

15. सार्वनामिक विशेषण किसे कहते हैं ?

16. स्त्रीलिंग शब्दों की पहचान के नियम लिखिए।

17. पुल्लिंग शब्दों की पहचान कैसे करेंगे ? लिखिए।

18. लिंग, वचन एवं कारक का व्याकरणिक महत्व समझाइये।

19. कारक के प्रत्येक भेद को ध्यान में रखते हुए आठ वाक्य लिखिए।

20. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग के शब्द पृथक-पृथक कीजिए -

    दास, चूहिया, अभिनेता, शिष्य, नायिका, आँख, अध्यापिका, बेटी, बैल, भवदीया, साम्राज्ञी, इनका, श्रीमती, पीड़ा।

21. दीर्घ संधि को सोदाहरण समझाइये।

22. वृद्धि संधि के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

23. तत्पुरुष समास को उदाहरण सहित समझाइये।

24. द्विगु समास किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

25. उपसर्ग किसे कहते हैं ? *अति, अधि, भर* उपसर्गों से बने कोई तीन-तीन शब्द लिखिए।

26. प्रत्यय किसे कहते हैं ? *ईला, वान और आवट* प्रत्ययों से बने कोई तीन-तीन शब्द लिखिए।

27. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए और संधि का नाम भी लिखिए -

    रवि + इन्द्र

    नील + अम्बर

    लघु + ऊर्मि

नव + उत्सव

सप्त + ऋषि

नव + औषधि

महा + औषधि

सु + आगत

भो + अन

28. कर्मधारय समास को सोदाहरण समझाइये।

29. निम्नलिखित शब्दों के पाँच-पाँच पर्यायवाची शब्द लिखिए -

अमृत, कमल, आकाश, आँख, गाय, तालाब, पहाड़, फूल

30. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए -

क्र.सं.	वाक्यांश	एक शब्द
1.	जो पहले जन्मा हो	
2.	जो इंद्रियों द्वारा न जाना जा सके	
3.	वृक्ष लता, फूलों से घिरा हुआ स्थान	
4.	जिस नाटक के संवाद गीतों के रूप में हो	
5.	पेट में लगने वाली आग	
6.	हाथ से लिखी हुई पुस्तक	
7.	दीवारों पर बने चित्र	
8.	विष्णु का उपासक	
9.	सेना के ठहरने का स्थान	
10.	किसी स्थल से परिवर्तित होकर आई ध्वनि	

11. वह जिसमें बाण रखे जाते हैं

12. विष्णु का उपासक

13. कन्या का विवाह कर देने की वचन देने की रस्म

14. मरने की इच्छा

15. व्याकरण का ज्ञाता

31. निम्नलिखित शब्द युग्मों के अर्थ बताइये -

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अयस		अयश	
आदि		आदी	
अन्न		अन्य	
किला		कीला	
गुड़		गुण	
जलद		जलज	
दूत		द्यूत	
रेखा		लेखा	
क्षति		क्षिति	
हंस		हँस	

32. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
अभिज्ञ		अतल	
अवतल		अघोष	
उपकार		उत्थान	
कृतज्ञ		कृश	
गौरव		गुप्त	
जागरण		दुर्लभ	
ज्वार		नख	
निर्मल		निर्दय	
बंजर		बहिष्कार	
शयन		आशा	

33. योजक चिह्न किसे कहते हैं ? योजक चिह्न के प्रयोग के नियमों का वर्णन कीजिए।

34. विस्मयादिबोधक चिह्न के प्रयोग के नियम सोदाहरण समझाइये।

35. विवरण चिह्न और संक्षेप सूचक चिह्न के प्रयोग की स्थितियों को लिखिए।

36. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

अ कान पर जूं न रेंगना

आ किताब का कीड़ा

इ छक्के छुड़ाना

ई घाव पर नमक छिड़कना

उ नानी याद आना

37. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. आगे कुआ पीछे खाई
II. एक तंदुरस्ती हजार नियामत
III. खिसयाई बिल्ली खंभा नोचे
IV. न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी
V. होनहार बिरवान के होत चिकने पात।

38. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. का बरखा जब कृषि सुखाने
II. आम के आम गुठली के दाम
III. खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है
IV. ओखली में सिर दिया तो मूसल से क्या डर
V. कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली।

39. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. गुस्सा पीना
II. चिकना घड़ा
III. जान पर खेलना
IV. छोटा मुँह बड़ी बात
V. नमक मिर्च लगाना

40. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. थाली का बैंगन
II. नो दो ग्यारह होना
III. दाँतों तले उंगली दबाना
IV. दाल न गलना
V. चाँदी होना।

41. संक्षेपण का शीर्षक कैसा होना चाहिए ? लिखिए।

42. संक्षेपण करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए ?

43. संक्षेपण का साहित्य में क्या महत्व है ? लिखिए।

44. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए -

प्रतिभा एक दैवीय शक्ति है और जिस लेखक में यह हो, वह अपनी रचनाओं द्वारा भूत, भविष्य और वर्तमान का सजीव और सुस्पष्ट चित्र उतार सकता है। प्रतिभा के बल पर वह भूत के गहनतम में प्रवेश कर, वहाँ से प्रकाश की किरणों को बटोर कर ला सकता है। और उन किरणों के प्रकाश से भविष्य का मार्गदर्शन कर, उसे समुज्ज्वल बना सकता है। वर्तमान की समस्त परिस्थितियों का अध्ययन और मनन कर, वह उन्हें सही दिशा में मोड़ सकता है। प्रतिभा के बल पर वह देश की सुषुप्त चेतना को जगाकर उसमें प्राण फूंक सकता है। वह अपनी प्रतिभा पूर्ण रचना के द्वारा दर्शक या पाठक का केवल अनुरंजन ही नहीं करता, वह उसे अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी बना देता है।

45. अपठित गद्यांश को हल करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

46. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

समय की उपेक्षा करने वालों को समय नष्ट कर देता है। महात्मा गांधी सभी कार्य निर्धारित समय पर करते थे। इसलिए अत्यंत व्यस्त होते हुए भी निरंतर प्रगति करते हुए सफलतम महान व्यक्तियों की श्रेणी में पहुंचे। जेम्स वॉट, मेडम क्यूरी और एडिसन ने समय के प्रत्येक पल का सही प्रयोग कर संसार को महान आविष्कार प्रदान किए। समय का सदुपयोग भाग्य निर्माण की आधारशिला है। असमय कार्य करने वाले कायर निरुद्यमी बन जाते हैं। अपने कर्तव्य कर्म को यथाशीघ्र बिना विलंब से करना ही समय का सदुपयोग है और वही समय का पारखी भी है। जो समय का सदुपयोग करना जान जाए, वही जीवन को सही ढंग से जीना सीख सकता है। हर व्यक्ति को पैसों की अपेक्षा समय का अधिक हिसाब रखना होगा, तभी वह अपने क्षेत्र में सफल हो पाएगा।

I. कौन महापुरुष निर्धारित समय पर कार्य करता था ?
II. संसार को महान आविष्कार किसने प्रदान किए ?
III. भाग्य के निर्माण की आधारशिला क्या बताई गई है ?
IV. हर व्यक्ति को पैंसों से अधिक किसका हिसाब रखना चाहिए ?
V. कायर और निरुद्यमी कौन है ?

47. पत्र लेखन करते समय पत्र का प्रारंभ और समापन किस प्रकार होना चाहिए ?

48. पत्र किसे कहते हैं ? पत्र के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए।

49. व्यावसायिक पत्र किसे कहते हैं ? समझाइये।

50. अपने प्राचार्य को शुल्क मुक्ति का प्रार्थना पत्र लिखिए।

51. अपने मित्र का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर बधाई पत्र लिखिए।

52. अपने अध्ययन की प्रगति बताने हेतु अपनी माताजी को पत्र लिखिए।

53. छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

54. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

    I. दया धर्म का मूल है।
    II. मन के हारे हार है

55. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

    I. मनोरंजन के आधुनिक साधन
    II. भारत के गाँव

56. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

    I. हमारा भारत
    II. मेरा प्रिय खेल

57. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

    I. परोपकार
    II. समय का महत्त्व

58. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

    I. श्रम का महत्त्व
    II. सत्संगति

59. कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय लिखिए।

60. मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान का परिचय दीजिए।

61. ‘बूढ़ी काकी’ कहानी के शीर्ष की उपयुक्तता पर अपने विचार लिखिए।

62. ‘बूढ़ी काकी’ कहानी का प्रतिपाद्य वर्णित कीजिए।

63. ‘बूढ़ी काकी कहानी में बूढ़ी काकी को झूठन खाते देखकर आपके मन में क्या प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई ?

64. ‘बूढ़ी काकी’ कहानी के आधार पर प्रेमचंद की कहानी कला की विशेषताएं लिखिए।

65. महात्मा गांधी के पत्र ‘चरित्र निर्माण’ के आधार पर जीवन में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

66. महात्मा गांधी के पत्र ‘चरित्र निर्माण’ के आधार बारह वर्ष की आयु के बाद हमें किन-किन गुणों के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए ?

67. ‘नर हो न निराश करो मन को’ कविता का भावार्थ लिखिए।

68. मैथिलीशरण गुप्त का जीवन परिचय लिखिए।

69. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य संसार का परिचय दीजिए।

70. ‘नर हो न निराश करो मन को’ कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है।

71. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

निज गौरव का नित ध्यान रहे,

हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे।

सब जाएं अभी पर मान रहे,

मरने पर गंजित गान रहे।

कुछ हो न तजो निज साधन को।

नर हो न निराश करो मन को

72. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

प्रभु ने तुमको कर दान किए,

सब वांछित वस्तु विधान किए।

तुम प्राप्त करो उनको न अहो,

फिर है किसका यह दोष कहो।

समझो न अलभ्य किसी धन को।

नर हो न निराश करो मन को

- खण्ड स (निबन्धात्मक) -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 400-500 शब्दों में लिखिए।

1. संसार की भाषाओं में हिन्दी का स्वरूप वर्णित कीजिए।
2. हिन्दी व्याकरण के विविध विभागों का सविस्तार वर्णन कीजिए।
3. संज्ञा का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके भेदों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।
4. सर्वनाम की परिभाषा लिखते हुए इसके भेदों को समझाइये।
5. विशेषण किसे कहते हैं ? इसके भेदों का वर्णन कीजिए।
6. क्रिया की परिभाषा लिखते हुए सकर्मक और अकर्मक क्रिया को समझाइये।
7. लिंग को परिभाषित करते हुए इसके निर्धारण के नियमों का वर्णन कीजिए।
8. कारक की परिभाषा लिखते हुए इसके भेदों को सोदाहरण समझाइये।
9. संधि किसे कहते हैं ? स्वर संधि के सभी भेदों को वर्णित कीजिए।
10. समास का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न भेदों को समझाइये।
11. अर्थ के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
12. निम्नलिखित को सोदाहरण समझाइये - पर्यायवाची शब्द, युग्म शब्द एवं विलोम शब्द।

13. विराम चिह्न किसे कहते हैं ? हिन्दी में प्रचलित किन्हीं पाँच विराम चिह्नों के नियमों को स्पष्ट कीजिए।

14. पूर्ण विराम, अर्द्ध विराम एवं अल्प विराम के प्रयोग के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

15. मुहावरे एवं लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए इनके अंतर को स्पष्ट कीजिए।

16. संक्षेपण किसे कहते हैं ? संक्षेपण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

17. संक्षेपण की महत्ता का वर्णन करते हुए बताइये की इसके शीषर्क निर्धारण कैसे करेंगे ?

18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

स्त्रियों के पास एक महान सोयी हुई शक्ति पड़ी है। दुनिया की आधी से बड़ी ताकत उनके पास है। आधी से बड़ी ताकत इसलिए कहता हूँ कि स्त्रियाँ आधी तो है ही दुनिया में, आधी बड़ी इसलिए कि बच्चे-बच्चियाँ उनकी छाया में पलते हैं और वे जैसा चाहें उन बच्चों और बच्चियों को परिवर्तित कर सकती हैं। पुरुषों के हाथ में कितनी ही ताकत हो, लेकिन पुरुष एक दिन स्त्री की गोद में होता है, वहीं से अपनी यात्रा शुरु करता है।

एक बार स्त्री की पूरी शक्ति जागृत हो जाए और वे निर्णय कर लें कि प्रेम की दुनिया को निर्मित करेंगी जहाँ युद्ध नहीं होंगे, जहाँ हिंसा नहीं होगी, जहाँ राजनीति नहीं होगी, जहाँ पोलिटिशियन नहीं होंगे, जहाँ जीवन में कोई बीमारियाँ नहीं होगी।

जहाँ भी प्रेम है, जहाँ भी करुणा है, जहाँ भी दया है वहाँ स्त्री मौजूद है। स्त्री के पास आधी से भी ज्यादा बड़ी ताकत है और वह पाँच हजार वर्षों से बिल्कुल सोवे हुई पड़ी है। नारी की शक्ति का कोई उपयोग नहीं हो सका है। भविष्य में यह उपयोग हो सकता है। उपयोग होने का एक सूत्र यही है कि स्त्री यह तय कर ले कि उन्हें पुरुषों जैसा नहीं हो जाना है।

I. स्त्री में कौन-कौन से गुण प्रबल है ?
II. इस गद्यांश में किसकी शक्ति को जागृत करने की बात हो रही है ?
III. जहाँ प्रेम है वहाँ क्या है ?
IV. पुरुष की यात्रा कहाँ से शुरु होती है ?
V. दुनिया की आधी से बड़ी ताकत स्त्री के पास है। कैसे ?

19. पत्र लेखन एक कला है। इस विषय पर एक निबंध लिखिए।

20. पत्र लेखन के विविध प्रकारों को समझाइये।

21. माना कि आपका नाम सलोनी हैं। आप किसी विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रही हैं। आप अपने महाविद्यालय (राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर) के प्राचार्य को इस निमित्त दो दिन के आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

22. माना कि आपका नाम रमेश है। आप राजकीय महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं। आपको पुस्तकें खरीदने के लिए 2000 रुपयों की आवश्यकता है। आप अपने पिताजी को इस निमित्त एक पत्र लिखिए।

23. 'हमारे त्योहार और उनका महत्त्व' तथा 'सामुदायिक स्वच्छता अभियान' विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

24. 'आज के युग में कम्प्यूटर ज्ञान की अनिवार्यता' तथा 'स्त्री शिक्षा' विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

25. निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए -

जीवन में व्यायाम का महत्व

एकता में बल

26. बूढ़ी काकी नामक कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

27. बूढ़ी काकी नामक कहानी का कहानी के तत्वों के आधार पर विवेचन कीजिए।

28. बूढ़ी काकी कहानी के पात्र बुद्धिराम का चरित्र चित्रण कीजिए।

29. महात्मा गांधी के पत्र 'चरित्र निर्माण' के आधार गांधीजी के व्यक्तित्व की विशेषताएं वर्णित कीजिए।

30. 'नर हो न निराश करो मन को' में निहित संदेश का वर्णन कीजिए।

31. 'नर हो न निराश करो मन को' कविता के काव्य सौष्ठव का वर्णन कीजिए।

32. माना कि आप जवाहर नगर, कोटा के निवासी हैं। आपका नाम रमेश हैं। आपके मोहल्ले में बहुत दिनों से सफाई नहीं हुई है। अतः नगर निगम कोटा के मेयर को एक पत्र लिखिए।

33. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. कलेजा फटना
II. कोल्हू का बैल
III. अपने मुंह मिया मिट्ठू बनना
IV. आसमान पर चढ़ना
V. छक्के छुड़ाना
VI. जान पर खेलना
VII. घड़ों पानी पड़ना
VIII. नाकों चने चबाना
IX. दाहिना हाथ
X. पत्थर की लकीर

34. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

I. अंधी पीसे कुत्ता खाय
II. ऊँची दुकान फीके पकवान
III. एक तो चोरी, दूसरे सीना जोरी
IV. एक म्यान में दो तलवार नहीं समा सकती
V. कभी नाव गाड़ी पर कभी नाव गाड़ी पर
VI. काला अक्षर भैंस बराबर
VII. खग जाने खग की भाषा
VIII. नाच न जाने आँगन टेढ़ा
IX. लेना एक न देना दो
X. खोदा पहाड़ निकली चुहिया

35. वचन किसे कहते हैं ? वचन संबंधी नियम लिखिए।

36. विवरण चिह्न, उद्धरण चिह्न और कोष्ठक के प्रयोग के के नियमों को लिखिए।

खण्ड अ के उत्तर..............................

1. दो, लिखकर और बोलकर।

2. भाषा शरीर का सबसे छोटा अवयव ध्वनि कहलाता है।

3. वर्ण वह मूल ध्वनि है जिसके खंड नहीं हो सकते।

4. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्रता से हो और जो व्यंजनों के उच्चारण में सहायक हो उन्हें स्वर कहते हैं।

5. जब किसी वर्ण का उच्चारण नासिका से होता है तो उन्हें अनुनासिक वर्ण कहते हैं।

6. देवनागरी।

7. वर्ण विचार, शब्द विचार, वाक्य विचार और रचना विचार।

8. संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं जिससे किसी व्यक्ति, वस्तु और भाव के नाम का बोध हो। जैसे - राम, कुर्सी, जयपुर आदि।

9. तीन, व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक।

10. घड़ी, बहन, मंत्री, गाय, होली।

11. बड़प्पन, मूर्खता, ठंडक, नीचता, सरलता।

12. मैं, हम, तुम, आप, वह, वे।

13. संबंधवाचक सर्वनाम।

14. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताये, उसे विशेषण कहते हैं।

15. चार। गुणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, सार्वनामिक विशेषण।

16. भूखा, रसीला, प्यासा, ठंडा।

17. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाये, उसे क्रिया कहते हैं।

18. जिस मूल शब्द में विकार होने से क्रिया बनती है, उसे धातु कहते हैं।

19. जिस धातु में सूचित होने वाले व्यापार का फल कर्ता पर ही पड़ता है, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

20. शब्द के जिस रूप से यह पता चलता है कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का, हिन्दी व्याकरण में उसे लिंग कहते हैं।

21. दो। पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

22. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

23. दो, एकवचन और बहुवचन।

24. वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम के जिस कार्य का संबंध क्रिया से जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

25. कारक के आठ भेद होते हैं। कर्ता, कर्म करण, संप्रदान, अपादन, संबंध, अधिकरण और संबोधन।

26. पुस्तकें, टोपियाँ, बहुएं, बच्चे

27. का, के, की, रा, रे, री, ना, ने, नी।

28. अपादान कारक।

29. ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ आने पर दीर्घ स्वर आ, ई, ऊ हो जाते हैं। इसे दीर्घ संधि कहते हैं।

30. यदि इ/ई, उ/ऊ या ऋ के बाद भिन्न स्वर आए तो क्रमशः इ/ई का य्, उ/ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है तथा भिन्न स्वर यथावत जुड़ जाता है। इसे यण संधि कहते हैं।

31. अत्यधिक (यण संधि), महोत्सव (गुण संधि), एकैक (वृद्धि संधि), विद्यार्थी (दीर्घ संधि), नायक (अयादि संधि)

32. परस्पर संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर जब एक नया शब्द बन जाता है तब उस क्रिया को समास कहते हैं।

33. समास के छः भेद होते हैं। जैसे- अव्ययीभाव समास, तत्पुरुष समास, कर्मधारय समास, द्विगु समास, द्वंद्व समास, बहुव्रीहि समास।

34. एकांकी (द्विगु समास), विदेशगमन (तत्पुरुष समास), नीलकंठ (बहुव्रीहि समास), पाप-पुण्य (द्वंद्व समास), यथाशक्ति (अव्ययीभाव समास), नीलोत्पल (कर्मधारय समास)

35. वे शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व में लगकर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं। उपसर्ग कहलाते हैं।

36. वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं। प्रत्यय कहलाते हैं।

37. देवनदी, भागीरथी, जाह्नवी, सुरसरी, त्रिपथगा, विष्णुपदी, जहनुतनया आदि।

38. गृहस्थ का विलोम संन्यासी होगा।

39. नायक का विलोम खलनायक होगा।

40. गधा-क्षार/राख

41. अनुश्रुति।

42. आदिवासी।

43. बैल और मंगलाचरण।

44. भगवान तुमको दीर्घायु दे !

45. अभाव में अधिक हानि होना।

46. अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना।

47. आवश्यकता अधिक लेकिन मिलना बहुत कम।

48. बेईमानी बार-बार नही चलती।

49. मूल पाठ को लगभग एक तिहाई शब्दों में इस प्रकार लिखना कि उसका मूल विषय या भाव स्पष्ट हो जाए। संक्षेपण कहलाता है।

50. पत्र लेखन को सामान्यतः सात भागों में बाँटा जा सकता है।

51. पत्र लिखने वाले का पता व दिनांक।

52. अर्द्ध शासकीय पत्र।

53. पूज्यवर, आदरणीय, माननीय, श्रद्धेय, पूज्य, पूज्या, परम आदरणीय आदि।

54. अनुच्छेद लेखन में अनुभूति पक्ष की प्रधानता होती है। इसमें मुख्य विषय पर केंद्रित रहना होता है।

55. सन 1880, उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में।

56. सन 1936 में।

57. बुद्धिराम।

58. बूढ़ी काकी का।

59. मन में बहुत दुःखी होना, ग्लानि-दुःख।

60. बैतुकी बात।

61. रूपा।

62. लाडली।

63. 2 अक्टूबर, 1869

64. पिता- करमचंद गांधी और माता- पुतली बाई।

65. सत्य और अहिंसा।

66. बारह वर्ष के बाद।

67. 3 अगस्त, 1886 को चिरगाँव झाँसी में।

68. साकेत, यशोधरा, विष्णुप्रिया, भारत भारती आदि।

69. 1953 में।

70. संसार का स्वामी

71. कवि ने अपनी कविता 'नर हो न निराश करो मन को' में कर्म की महत्ता बताते हुए ईश्वर की संतान मनुष्य को स्वाभिमान के साथ्ज्ञ कर्मरत रहने की प्रेरणा दी है।

72. कवि मैथिलीशरण गुप्त ने राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से व्यक्त किया है।

73. देववृक्ष, सुरतरु, कल्पतरु, कल्पद्रुम आदि।

74. अद्‌वितीय

75. आस्तिक

76. जला हुआ और दूध।

77. घर और संसार।

78. महाप्राण।

79. दुर्लभ।

80. दीर्घ संधि।

81. द्‌विगु समास

82. कर्मधारय समास।

83. देव + इंद्र

84. प्रत्युपकार।

85. अधिकरण कारक।

86. के लिए।

87. काला।

88. अकर्मक क्रिया।

89. गुणवाचक विशेषण।

90. अनिश्चयवाचक सर्वनाम।

●●●●●